www.a2zSubjects.com

**Signature and Name of Invigilator**

# PAPER - I

1. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________
2. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** .......................................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________
(In words)

**J 0 0 1 5**

**Test Booklet Series B**

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **60**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of sixty (60) multiple-choice type of questions, out of which the candidate would be required to answer any fifty (50) questions. In the event of candidate attempting more than fifty questions, the first fifty questions attempted by the Candidate would be evaluated.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal/polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal/without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
   (iv) The Series of this booklet is **B**, make sure that the Series printed on OMR Sheet is same as that on this booklet. In case of discrepancy in Series, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of the Test Booklet/OMR Sheet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में साठ (60) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें से उम्मीदवार को किसी भी पचास (50) प्रश्न का उत्तर देना होगा। उम्मीदवार द्वारा पचास से अधिक प्रश्नों का उत्तर देने पर उम्मीदवार द्वारा दिये गये प्रथम पचास प्रश्नों का मूल्यांकन किया जायेगा।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील/पोलिथीन बैग को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील/बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
   (iv) इस प्रश्न-पुस्तिका का सीरीज़ **B** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस प्रश्न-पुस्तिका का सीरीज़, OMR पत्रक के सीरीज़ से मिलता है। अगर सीरीज़ भिन्न हो तो परीक्षार्थी दूसरी समान सीरीज़ वाली प्रश्न-पुस्तिका/OMR पत्रक बदलने के लिए निरीक्षक को तुरंत सूचित करें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

# PAPER - I

**Note :**
- This paper contains **Sixty (60)** multiple choice questions, each question carrying **two (2)** marks.
- Candidate is expected to answer **any Fifty (50)** questions.
- In case more than **Fifty (50)** questions are attempted, only the **first Fifty (50)** questions will be evaluated.

**1.** Among the following statements **two** are contradictory to each other. Select the correct code that represents them :

**Statements :**

(a) All poets are philosophers.

(b) Some poets are philosophers.

(c) Some poets are not philosophers.

(d) No philosopher is a poet.

**Codes :**

(1) (a) and (d) (2) (a) and (c) (3) (b) and (c) (4) (a) and (b)

**2.** Which of the following is **not** a principle of effective communication ?

(1) Participation of the audience (2) One-way transfer of information

(3) Strategic use of grapevine (4) Persuasive and convincing dialogue

**3.** The next term in the series is :

2, 5, 9, 19, 37, ?

(1) 75 (2) 78 (3) 80 (4) 73

**4.** The term 'grapevine' is also known as :

(1) Informal communication (2) Upward communication

(3) Horizontal communication (4) Downward communication

**5.** In communication, the language is :

(1) Intrapersonal (2) The symbolic code

(3) The non-verbal code (4) The verbal code

**6.** One day Prakash left home and walked 10 km towards south, turned right and walked 5 km, turned right and walked 10 km and turned left and walked 10 km. How many km will he have to walk to reach his home straight ?

(1) 20 (2) 15 (3) 30 (4) 10



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

# प्रश्नपत्र – I

**निर्देश :**
- इस प्रश्नपत्र में **साठ (60)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं।
- अभ्यर्थी को **कोई भी पचास (50)** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
- यदि **पचास (50)** से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये तो **प्रथम पचास (50)** प्रश्न ही जाँचे जायेंगे।

1. निम्नलिखित कथनों में से **दो** एक–दूसरे के विरोधी है। सही कूट चयन करिए जो सही उत्तर का प्रतिनिधित्व करे।

**कथन :**

(a) सभी कवि दार्शनिक होते हैं।

(b) कुछ कवि दार्शनिक होते हैं।

(c) कुछ कवि दार्शनिक नहीं होते।

(d) कोई भी दार्शनिक कवि नहीं होता।

**कूट :**

(1) (a) और (d) (2) (a) और (c) (3) (b) और (c) (4) (a) और (b)

2. निम्नलिखित में से कौन प्रभावी सम्प्रेषण का सिद्धान्त **नहीं** है?

(1) श्रोताओं की भागीदारी (2) सूचना का एकतरफा अन्तरण

(3) ग्रेपवाइन का रणनीतिक उपयोग (4) प्रत्ययकारी और विश्वासोत्पादक वार्ता

3. इस श्रृंखला की अगली संख्या क्या होगी?

2, 5, 9, 19, 37, ?

(1) 75 (2) 78 (3) 80 (4) 73

4. 'ग्रेपवाइन' (दाखलता) शब्द निम्नांकित में से किस रूप में भी जाना जाता है?

(1) अनौपचारिक संचार (2) ऊपर की ओर संचार

(3) क्षैतिज संचार (4) नीचे की ओर संचार

5. सम्प्रेषण में भाषा होती है :

(1) अन्तर्वैयक्तिक (2) प्रतीकात्मक कूट

(3) गैर वाचिक कूट (4) वाचिक कूट

6. एक दिन प्रकाश घर से जाता है और दक्षिण में 10 कि.मी. चलता है, दाएँ मुड़ता है और 5 कि.मी. चलता है, दाएँ मुड़ता है और 10 कि.मी. चलता है और बाएँ मुड़कर 10 कि.मी. चलता है। सीधे अपने घर पहुँचने के लिए उसे कितने कि.मी. चलना पड़ेगा?

(1) 20 (2) 15 (3) 30 (4) 10



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**7.** Which of the codes given below contains only the **correct** statements ? Select the code :

**Statements :**

(a) Venn diagram represents the arguments graphically.

(b) Venn diagram can enhance our understanding.

(c) Venn diagram may be called valid or invalid.

(d) Venn diagram is clear method of notation.

**Codes :**

(1) (a), (b) and (d) (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (c) and (d) (4) (a), (b) and (c)

**8.** Which of the following are the characteristic features of communication ?

(a) Communication involves exchange of ideas, facts and opinions.

(b) Communication involves both information and understanding.

(c) Communication is a continuous process.

(d) Communication is a circular process.

Select the correct answer from the codes given below :

(1) (a), (b) and (d) (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (b), (c) and (d) (4) (a), (b) and (c)

**9.** In an examination 10,000 students appeared. The result revealed the number of students who have :

| | | |
|---|---|---|
| passed in all five subjects | = | 5583 |
| passed in three subjects only | = | 1400 |
| passed in two subjects only | = | 1200 |
| passed in one subject only | = | 735 |
| failed in English only | = | 75 |
| failed in Physics only | = | 145 |
| failed in Chemistry only | = | 140 |
| failed in Mathematics only | = | 200 |
| failed in Bio-science only | = | 157 |

The number of students passed in at least four subjects is :

(1) 6900 (2) 7300 (3) 7900 (4) 6300



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**7.** नीचे दिये गये कूटों में से किसमें केवल **सही** कथन समाविष्ट है?

**कथन :**

(a) वेन आरेख तर्कों को आलेखीय रूप से प्रदर्शित करता है।

(b) वेन आरेख हमारी समझ को बढ़ा सकता है।

(c) वेन आरेख को वैध अथवा अवैध कहा जा सकता है।

(d) वेन आरेख संकेत-पद्धति का स्पष्ट तरीका है।

**कूट :**

(1) (a), (b) और (d) (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (c) और (d) (4) (a), (b) और (c)

**8.** निम्नलिखित में से कौन सम्प्रेषण की विशेषताएँ हैं?

(a) सम्प्रेषण में विचारों, तथ्यों और मतों का आदान-प्रदान शामिल है।

(b) सम्प्रेषण में सूचना और समझ दोनों शामिल हैं।

(c) सम्प्रेषण एक सतत प्रक्रिया है।

(d) सम्प्रेषण एक वृत्तीय प्रक्रिया है।

नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b) और (d) (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (b), (c) और (d) (4) (a), (b) और (c)

**9.** एक परीक्षा में 10,000 विद्यार्थी बैठे। परीक्षा फल घोषित होने पर विद्यार्थियों की संख्या इस प्रकार है :

| | | |
|---|---|---|
| सभी पाँचों विषयों में सफल होने वालों की संख्या | = | 5583 |
| तीन विषयों में सफल होने वालों की संख्या | = | 1400 |
| दो विषयों में सफल होने वालों की संख्या | = | 1200 |
| एक विषय में सफल होने वालों की संख्या | = | 735 |
| केवल अंग्रेजी विषय में असफल होने वालों की संख्या | = | 75 |
| केवल भौतिक विषय में असफल होने वालों की संख्या | = | 145 |
| केवल रसायन विषय में असफल होने वालों की संख्या | = | 140 |
| केवल गणित विषय में असफल होने वालों की संख्या | = | 200 |
| केवल जीव विज्ञान विषय में असफल होने वालों की संख्या | = | 157 |

कम से कम चार विषयों में सफल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या होगी :

(1) 6900 (2) 7300 (3) 7900 (4) 6300



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**10.** A deductive argument is invalid if :

(1) Its premises are true but its conclusion is false

(2) Its premises are false but its conclusion is true

(3) Its premises and conclusions are all true

(4) Its premises and conclusions are all false

**11.** In certain code MATHURA is coded as JXQEROX. The code of HOTELS will be :

(1) ELQBIP (2) LEBIQP (3) ELIPQB (4) LEQIBP

**12.** If we want to seek new knowledge of facts about the world, we must rely on reason of the type :

(1) Deductive (2) Demonstrative

(3) Physiological (4) Inductive

**13.** When the purpose of a definition is to explain the use or to eliminate ambiguity the definition is called :

(1) Theoretical (2) Lexical (3) Persuasive (4) Stipulative

**14.** **Assertion (A)** : Formal communication tends to be fast and flexible.

**Reason (R)** : Formal communication is a systematic and orderly flow of information.

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct, but **(R)** is not correct explanation of **(A)**

(2) **(A)** is correct but, **(R)** is false

(3) **(A)** is false but, **(R)** is correct

(4) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is correct explanation of **(A)**

**15.** At present a person is 4 times older than his son and is 3 years older than his wife. After 3 years the age of the son will be 15 years. The age of the person's wife after 5 years will be :

(1) 48 (2) 45 (3) 50 (4) 42

**16.** A girl introduced a boy as the son of the daughter of the father of her uncle. The boy is related to the girl as :

(1) Uncle (2) Nephew (3) Son (4) Brother



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**10.** एक निगमनात्मक तर्क अवैध होता है यदि :

(1) इसके आधार वाक्य सत्य परन्तु निष्कर्ष असत्य हैं।

(2) इसके आधार वाक्य असत्य परन्तु निष्कर्ष सत्य हैं।

(3) इसके आधार वाक्य और निष्कर्ष सभी सत्य हैं।

(4) इसके आधार वाक्य और निष्कर्ष सभी असत्य हैं।

**11.** किसी कोड में MATHURA को JXQEROX निरूपित करता है, HOTELS किसके द्वारा निरूपित होता है ?

(1) ELQBIP (2) LEBIQP (3) ELIPQB (4) LEQIBP

**12.** यदि हम विश्व के बारे में तथ्यों की नई जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करें तो निम्न में से किस प्रकार की तर्क-शक्ति पर भरोसा करें ?

(1) निगमनात्मक (2) प्रदर्शनात्मक

(3) शरीर विज्ञान सम्बन्धी (4) आगमनात्मक

**13.** जब परिभाषा का उद्देश्य उपयोग को स्पष्ट करना या अस्पष्टता अथवा संशय दूर करना होता है तो ऐसी परिभाषा कहलाती है :

(1) सैद्धान्तिक (2) शाब्दिक (3) प्रत्ययकारी (4) अनुबन्धात्मक

**14.** **अभिकथन (A)** : औपचारिक सम्प्रेषण त्वरित और लचीला होना चाहिए।

**तर्क (R)** : सूचना का औपचारिक सम्प्रेषण एक योजनाबद्ध और व्यवस्थित प्रवाह है।

(1) दोनों **(A)** और **(R)** सत्य हैं, परंतु **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(2) **(A)** सत्य है, परन्तु **(R)** असत्य है।

(3) **(A)** असत्य है, परन्तु **(R)** सत्य है।

(4) दोनों **(A)** और **(R)** सत्य हैं और **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण है।

**15.** वर्तमान में एक व्यक्ति अपने बेटे से चार गुना बड़ा है और अपनी पत्नी से 3 साल बड़ा है, 3 साल के बाद उसके बेटे की आयु 15 साल हो जाएगी। उस व्यक्ति की पत्नी की आयु 5 साल बाद कितनी होगी ?

(1) 48 (2) 45 (3) 50 (4) 42

**16.** एक लड़की ने एक लड़के का परिचय दिया कि वह उसके अंकल के पिता की बेटी का लड़का है, तो लड़की का लड़के से रिश्ता हुआ ?

(1) अंकल (2) भतीजा (3) बेटा (4) भाई



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**Question numbers 17 to 22 are based on the tabulated data given below :**

A company has 20 employees with their age (in years) and salary (in thousand rupees per month) mentioned against each of them :

| S.No. | Age (in years) | Salary (in thousand rupees per month) | S.No. | Age (in years) | Salary (in thousand rupees per month) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 44 | 35 | 11. | 33 | 30 |
| 2. | 32 | 20 | 12. | 31 | 35 |
| 3. | 54 | 45 | 13. | 30 | 35 |
| 4. | 42 | 35 | 14. | 37 | 40 |
| 5. | 31 | 20 | 15. | 44 | 45 |
| 6. | 53 | 60 | 16. | 36 | 35 |
| 7. | 42 | 50 | 17. | 34 | 35 |
| 8. | 51 | 55 | 18. | 49 | 50 |
| 9. | 34 | 25 | 19. | 43 | 45 |
| 10. | 41 | 30 | 20. | 45 | 50 |

**17.** Classify the data of age of each employee in class interval of 5 years. Which class interval of 5 years has the maximum average salary ?

(1) 40 - 45 years (2) 45 - 50 years (3) 50 - 55 years (4) 35 - 40 years

**18.** What is the average salary (in thousand per month) in the age group 40 - 50 years ?

(1) 42.5 (2) 40.5 (3) 36.5 (4) 35

**19.** What is the fraction (%) of employees getting salary $\geq$ 40,000 per month ?

(1) 50% (2) 35% (3) 32% (4) 45%

**20.** What is the fraction of employees getting salary less than the average salary of all the employees ?

(1) 50% (2) 55% (3) 47% (4) 45%

**21.** What is the average age of the employees ?

(1) 38.6 years (2) 47.2 years (3) 45.3 years (4) 40.3 years

**22.** What is the frequency (%) in the class interval of 30 - 35 years ?

(1) 25% (2) 30% (3) 35% (4) 20%



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**प्रश्न संख्या 17 से 22 तक नीचे दिये गये टेबलीकृत डेटा पर आधारित हैं।**

एक कम्पनी में 20 कर्मचारी हैं। उनकी उम्र (वर्षों में) और वेतन (प्रति माह हजार रुपये में) नीचे दिया गया है।

| क्रम सं. | उम्र (वर्षों में) | वेतन (प्रति माह हजार रुपये में) | क्रम सं. | उम्र (वर्षों में) | वेतन (प्रति माह हजार रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 44 | 35 | 11. | 33 | 30 |
| 2. | 32 | 20 | 12. | 31 | 35 |
| 3. | 54 | 45 | 13. | 30 | 35 |
| 4. | 42 | 35 | 14. | 37 | 40 |
| 5. | 31 | 20 | 15. | 44 | 45 |
| 6. | 53 | 60 | 16. | 36 | 35 |
| 7. | 42 | 50 | 17. | 34 | 35 |
| 8. | 51 | 55 | 18. | 49 | 50 |
| 9. | 34 | 25 | 19. | 43 | 45 |
| 10. | 41 | 30 | 20. | 45 | 50 |

**17.** प्रत्येक कर्मचारी की उम्र के आंकड़े को 5 वर्ष के अन्तराल के वर्ग में वर्गीकृत करें। किस वर्ग अन्तराल में अधिकतम औसत वेतन प्रदर्शित है?

(1) 40 - 45 वर्ष (2) 45 - 50 वर्ष (3) 50 - 55 वर्ष (4) 35 - 40 वर्ष

**18.** 40 - 50 वर्षों के आयु समूह में औसत वेतन (प्रति माह हजार रुपये में) कितना है?

(1) 42.5 (2) 40.5 (3) 36.5 (4) 35

**19.** कर्मचारियों का कितना भाग (%) प्रति माह $\geqslant$ 40,000 वेतन प्राप्त कर रहा है?

(1) 50% (2) 35% (3) 32% (4) 45%

**20.** कर्मचारियों का कितना भाग कुल कर्मचारियों के औसत वेतन से कम वेतन लेता है?

(1) 50% (2) 55% (3) 47% (4) 45%

**21.** कर्मचारियों की औसत उम्र क्या है?

(1) 38.6 वर्ष (2) 47.2 वर्ष (3) 45.3 वर्ष (4) 40.3 वर्ष

**22.** 30 - 35 वर्षों के वर्ग अन्तराल में आवृत्ति (%) क्या है?

(1) 25% (2) 30% (3) 35% (4) 20%



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**23.** Which is an instant messenger that is used for chatting ?

(1) MAC (2) Microsoft Office (3) Google Talk (4) Altavista

**24.** In the recently launched Air Quality Index in India, which of the following pollutants is **not** included ?

(1) Fine particulate matter (2) Ozone

(3) Chlorofluorocarbons (4) Carbon monoxide

**25.** Which of the following represents one billion characters ?

(1) Megabyte (2) Gigabyte (3) Terabyte (4) Kilobyte

**26.** The South Asia University is situated in the city of :

(1) Dhaka (2) New Delhi (3) Kathmandu (4) Colombo

**27.** Which one of the following represents the binary equivalent of the decimal number 25 ?

(1) 01101 (2) 11001 (3) 11011 (4) 10101

**28.** Which of the following is **not** an output device ?

(1) Speaker (2) Monitor (3) Keyboard (4) Printer

**29.** Two earthquakes A and B happen to be of magnitude 5 and 6 respectively on Richter Scale. The ratio of the energies released $E_B/E_A$ will be approximately :

(1) ~ 16 (2) ~ 32 (3) ~ 64 (4) ~ 8

**30.** The factors which are most important in determining the impact of anthropogenic activities on environment are :

(1) Population, affluence per person and the technology used for exploiting resources

(2) Atmospheric conditions, population and forest cover

(3) Population, forest cover and land available per person

(4) Population, affluence per person, land available per person



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**23.** बातचीत (चैटिंग) के लिए कौन-सा इस्टैंट मैसेंजर प्रयुक्त होता है ?

(1) एम ए सी (2) माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस (3) गूगल टॉक (4) अल्टाविस्टा

**24.** भारत में हाल ही में प्रारम्भ किये गये वायु गुणवत्ता सूचकांक में, निम्नलिखित में से कौनसा प्रदूषक सम्मिलित **नहीं** किया गया है ?

(1) सूक्ष्म विविक्त (पार्टिक्युलेट) पदार्थ (2) ओजोन

(3) क्लोरोफ्लूरोकार्बन्स (4) कार्बन मोनोक्साइड

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक अरब अक्षरों का प्रतिनिधित्व करती है ?

(1) मेगाबाइट (2) गिगाबाइट (3) टेराबाइट (4) किलोबाइट

**26.** द साउथ एशिया यूनिवर्सिटी निम्नांकित में से किस शहर में अवस्थित है ?

(1) ढाका (2) नई दिल्ली (3) काठमाण्डू (4) कोलम्बो

**27.** निम्नलिखित में से कौन-सी दशमलव संख्या 25 का दोहरा समानार्थी (बाइनरी इक्विलेंट) है ?

(1) 01101 (2) 11001 (3) 11011 (4) 10101

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सी निर्गम युक्ति **नहीं** है ?

(1) स्पीकर (2) मॉनीटर (3) की-बोर्ड (4) प्रिंटर

**29.** दो भूकंप A और B रिक्टर स्केल पर क्रमश: 5 और 6 परिमाण के आए। उत्सर्जित ऊर्जाओं का अनुपात लगभग $(E_B/E_A)$ कितना होगा ?

(1) ~ 16 (2) ~ 32 (3) ~ 64 (4) ~ 8

**30.** पर्यावरण पर मानवोद्भविक क्रियाओं का प्रभाव निर्धारित करने में कौनसा कारक सर्वाधिक महत्वपूर्ण है ?

(1) जनसंख्या, प्रति व्यक्ति धनाढ्यता और संसाधनों का दोहन करने के लिये उपयोग की जाने वाली प्रौद्योगिकी

(2) वायुमंडलीय स्थितियाँ, जनसंख्या और वनाच्छादन

(3) जनसंख्या, वनाच्छादन और प्रति व्यक्ति भूमि उपलब्धता

(4) जनसंख्या, प्रति व्यक्ति धनाढ्यता, प्रति व्यक्ति भूमि उपलब्धता



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**31.** The session of the parliament is summoned by :

(1) The Prime Minister

(2) The Speaker of the Lok Sabha

(3) The Speaker of the Lok Sabha and the Chairman of the Rajya Sabha

(4) The President

**32.** The Gross Enrolment Ratio (GER) in institutions of higher education in India at present (2015) is about :

(1) 12 percent (2) 19 percent (3) 23 percent (4) 8 percent

**33.** Which of the following combinations represent renewable natural resources ?

(1) Clean air, phosphates and biological diversity

(2) Fishes, fertile soil and fresh water

(3) Oil, forests and tides

(4) Fertile soil, fresh water and natural gas

**34.** The total number of central universities in India in April 2015 was :

(1) 14 (2) 27 (3) 43 (4) 08

**35.** Civil Service Day is celebrated in India on :

(1) $24^{th}$ April (2) $21^{st}$ June (3) $7^{th}$ July (4) $21^{st}$ April

**36.** The University Grants Commission was established with which of the following aims ?

(a) Promotion of research and development in higher education

(b) Identifying and sustaining institutions of potential learning

(c) Capacity building of teachers

(d) Providing autonomy to each and every higher educational institution in India

Select the correct answer from the codes given below :

(1) (a), (b) and (c) (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (b) and (d) (4) (a), (b), (c) and (d)



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

31. संसद का सत्र निम्नांकित में से किसके द्वारा आहूत किया जाता है ?

(1) प्रधानमंत्री

(2) लोकसभा का स्पीकर

(3) लोकसभा का स्पीकर व राज्यसभा का सभापति

(4) राष्ट्रपति

32. वर्तमान (2015) में भारत की उच्च शिक्षण संस्थाओं में सकल नामांकन अनुपात (GER) लगभग क्या है ?

(1) बारह (12) प्रतिशत (2) उन्नीस (19) प्रतिशत (3) तेईस (23) प्रतिशत (4) आठ (8) प्रतिशत

33. निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन नवीकरणीय प्राकृतिक संसाधन प्रकट करता है ?

(1) स्वच्छ वायु, फॉस्फेट्स और जैव विविधता

(2) मछलियाँ, उर्वर मृदा और ताजा जल

(3) तेल, वन और ज्वार

(4) उर्वर मृदा, ताजा जल और प्राकृतिक गैस

34. अप्रैल 2015 में भारत में कुल केन्द्रीय विश्वविद्यालय थे :

(1) 14 (2) 27 (3) 43 (4) 08

35. भारत में सिविल सर्विस दिवस मनाया जाता है :

(1) 24 अप्रैल को (2) 21 जून को (3) 7 जुलाई को (4) 21 अप्रैल को

36. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को निम्नांकित में से किन उद्देश्यों के लिए गठित किया गया था ?

(a) अनुसंधान के उन्नयन और उच्च शिक्षा के विकास के लिए

(b) संभावनाशील अधिगम वाले संस्थानों की पहचान एवं उन्हें उसी रूप में बनाए रखने के लिए

(c) शिक्षकों का क्षमता निर्माण

(d) भारत की उच्च शिक्षा क्षेत्र की प्रत्येक संस्था को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए

निम्नांकित कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b) और (c) (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (b) और (d) (4) (a), (b), (c) और (d)



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**37.** Encoding or scrambling data for transmission across a network is known as :

(1) Detection (2) Encryption (3) Decryption (4) Protection

**38.** India's contribution to total global carbon dioxide emissions is about :

(1) ~ 6% (2) ~ 10% (3) ~ 15% (4) ~ 3%

**39.** In which of the countries per capita use of water is maximum ?

(1) European Union (2) China

(3) India (4) USA

**40.** Which of the following is **not** open source software ?

(1) Fedora Linux (2) Open office

(3) Apache HTTP server (4) Internet explorer

**41.** Which of the following statements regarding the meaning of research are correct ?

(a) Research refers to a series of systematic activity or activities undertaken to find out the solution of a problem.

(b) It is a systematic, logical and an unbiased process wherein verification of hypothesis, data analysis, interpretation and formation of principles can be done.

(c) It is an intellectual enquiry or quest towards truth.

(d) It leads to enhancement of knowledge.

Select the correct answer from the codes given below :

(1) (b), (c) and (d) (2) (a), (c) and (d)

(3) (a), (b), (c) and (d) (4) (a), (b) and (c)

**42.** Achievement tests are commonly used for the purpose of :

(1) Selecting candidates for a course

(2) Identifying strengths and weaknesses of learners

(3) Assessing the amount of learning after teaching

(4) Making selections for a specific job

**43.** Which of the following is the highest level of cognitive ability ?

(1) Understanding (2) Analysing (3) Evaluating (4) Knowing



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**37.** नेटवर्क के आर-पार ट्रांसमिशन के लिए आंकड़ों को कूटबद्ध करना या गडमड करना क्या कहलाता है?

(1) अवगमन (2) कोडीकरण (3) विकोडीकरण (4) सुरक्षा

**38.** कुल वैश्विक कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जनों में भारत का योगदान लगभग कितना है?

(1) ~ 6% (2) ~ 10% (3) ~ 15% (4) ~ 3%

**39.** किस देश में प्रति व्यक्ति जल उपयोग अधिकतम है?

(1) यूरोपियन यूनियन (2) चीन (3) भारत (4) यू.एस.ए.

**40.** निम्नलिखित में से कौन निशुल्क स्रोत साफ्टवेयर **नहीं** है?

(1) फेडोरा लाइनैक्स (2) ओपन ऑफिस

(3) अपाचे एच टी टी पी सर्वर (4) इंटरनेट एक्सप्लोरर

**41.** 'अनुसंधान' शब्द का अर्थ के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(a) अनुसंधान का तात्पर्य किसी समस्या के समाधान का पता लगाने के लिए शुरू की गई व्यवस्थित कार्यकलाप अथवा कार्यकलापों की शृंखला से है।

(b) यह एक व्यवस्थित, तार्किक और निष्पक्ष प्रक्रिया है जिसमें परिकल्पना का परीक्षण, आंकड़ों का विश्लेषण, सिद्धांतों की व्याख्या और रचना की जा सकती है।

(c) यह सत्य के प्रति बौद्धिक जाँच अथवा खोज है।

(d) इससे ज्ञान में वृद्धि होती है।

निम्नलिखित कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (b), (c) और (d) (2) (a), (c) और (d)

(3) (a), (b), (c) और (d) (4) (a), (b) और (c)

**42.** उपलब्धि परीक्षण प्राय: निम्न में से किसके लिए प्रयुक्त किए जाते हैं?

(1) किसी पाठ्यक्रम हेतु प्रत्याशियों के चयन के लिए

(2) सीखने वालों के सबल व दुर्बल पक्षों की पहचान के लिए

(3) शिक्षण के पश्चात् सीखने की मात्रा के मूल्यांकन के लिए

(4) किसी विशिष्ट कार्य हेतु चयन करने के लिए

**43.** निम्नांकित में से ज्ञान सम्बन्धी योग्यता का उच्चतम स्तर क्या है?

(1) समझना (2) विश्लेषण करना (3) मूल्यांकन करना (4) जानना



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**44.** The conclusions/findings of which type of research cannot be generalized to other situations ?

(1) Descriptive Research (2) Experimental Research

(3) Causal Comparative Research (4) Historical Research

**45.** A good teacher is one who :

(1) explains concepts and principles

(2) gives printed notes to students

(3) inspires students to learn

(4) gives useful information

**46.** Which of the following steps are required to design a questionnaire ?

(a) Writing primary and secondary aims of the study.

(b) Review of the current literature.

(c) Prepare a draft of questionnaire.

(d) Revision of the draft.

Select the correct answer from the codes given below :

(1) (a), (c) and (d) (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (b), (c) and (d) (4) (a), (b) and (c)

**47.** "Male and female students perform equally well in a numerical aptitude test." This statement indicates a :

(1) null hypothesis (2) directional hypothesis

(3) statistical hypothesis (4) research hypothesis

**48.** Jean Piaget gave a theory of cognitive development of humans on the basis of his :

(1) Applied Research (2) Action Research

(3) Evaluation Research (4) Fundamental Research



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**44.** निम्नलिखित में से किस प्रकार के अनुसंधान के सारांशों/निष्कर्षों को अन्य स्थितियों से सामान्यीकृत नहीं किया जा सकता है?

(1) वर्णनात्मक अनुसंधान (2) प्रायोगिक अनुसंधान

(3) कारणात्मक तुलनापरक अनुसंधान (4) ऐतिहासिक अनुसंधान

**45.** एक अच्छा शिक्षक वह है, जो :

(1) संकल्पनाओं और सिद्धांतों को स्पष्ट करता है।

(2) विद्यार्थियों को मुद्रित नोट्स देता है।

(3) छात्रों को सीखने के लिए अभिप्रेरित करता है।

(4) उपयोगी सूचनायें देता है।

**46.** एक-प्रश्नावली तैयार करते समय निम्नलिखित में से कौन-से कदम उठाए जाने की आवश्यकता है?

(a) अध्ययन के प्राथमिक और द्वितीयक उद्देश्य लेखन।

(b) वर्तमान साहित्य की समीक्षा।

(c) प्रश्नावली का प्रारूप तैयार करना।

(d) प्रारूप का पुनरीक्षण।

नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) (a), (c) और (d) (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (b), (c) और (d) (4) (a), (b) और (c)

**47.** ''एक संख्यात्मक अभिक्षमता परीक्षण में पुरुष तथा महिला विद्यार्थी एक समान प्रदर्शन करते हैं।'' यह कथन निम्न में से किसको इंगित करता है?

(1) शून्य परिकल्पना (2) दिशात्मक परिकल्पना

(3) सांख्यकीय परिकल्पना (4) अनुसंधान परिकल्पना

**48.** निम्नलिखित में से किस आधार पर ज्यां प्याजे ने मानव विकास का संज्ञानात्मक सिद्धान्त दिया?

(1) प्रायोगिक अनुसंधान (2) क्रियात्मक अनुसंधान

(3) मूल्यांकन अनुसंधान (4) मौलिक अनुसंधान



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**49.** Which of the following statements about teaching aids are correct ?

(a) They help in retaining concepts for longer duration.

(b) They help students learn better.

(c) They make teaching learning process interesting.

(d) They enhance rote learning.

Select the correct answer from the codes given below :

(1) (a), (b) and (c)  (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (b) and (d)  (4) (a), (b), (c) and (d)

**50.** A good thesis writing should involve :

(a) reduction of punctuation and grammatical errors to a minimum.

(b) careful checking of references.

(c) consistency in the way the thesis is written.

(d) a clear and well written abstract.

Select the correct answer from the codes given below :

(1) (a), (b) and (c)  (2) (a), (b) and (d)

(3) (b), (c) and (d)  (4) (a), (b), (c) and (d)

**51.** Which of the following factors does **not** impact teaching ?

(1) Class room activities that encourage learning

(2) Socio-economic background of teachers and students

(3) Learning through experience

(4) Teacher's knowledge

**52.** Techniques used by a teacher to teach include :

(a) Lecture

(b) Interactive lecture

(c) Group work

(d) Self study

Select the correct answer from the codes given below :

(1) (a), (b), (c) and (d)  (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (b) and (d)  (4) (a), (b) and (c)



www.a2zSubjects.com

**49.** शिक्षण सहायक सामग्री के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) वे संकल्पना धारण को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करती हैं।

(b) वे विद्यार्थियों को अच्छी तरह से सीखने में मदद करती हैं।

(c) वे शिक्षण और अधिगम प्रक्रिया को रोचक बनाती हैं।

(d) वे रटकर सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा देती हैं।

नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

(1) (a), (b) और (c)  (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (b) और (d)  (4) (a), (b), (c) और (d)

**50.** एक अच्छे शोध प्रबंध लेखन में शामिल हैं :

(a) विराम चिह्न में कमी और न्यूनतम व्याकरणिक अशुद्धियाँ।

(b) संदर्भों की सावधानीपूर्वक जाँच।

(c) शोध प्रबंध लेखन में निरंतरता।

(d) स्पष्ट और अच्छी तरह से लिखा हुआ सारांश।

नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b) और (c)  (2) (a), (b) और (d)

(3) (b), (c) और (d)  (4) (a), (b), (c) और (d)

**51.** निम्नांकित में से कौन-सा तत्व शिक्षण को प्रभावित **नहीं** करता?

(1) कक्षा की ऐसी गतिविधियाँ जो सीखने को प्रोत्साहित करती हैं

(2) शिक्षकों और विद्यार्थियों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि

(3) अनुभव द्वारा सीखना

(4) शिक्षक का ज्ञान

**52.** शिक्षक द्वारा अध्यापन के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीक में शामिल हैं :

(a) व्याख्यान

(b) पारस्परिक क्रिया आधारित व्याख्यान

(c) सामूहिक कार्य

(d) स्वाध्याय

नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b), (c) और (d)  (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (b) और (d)  (4) (a), (b) और (c)



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**Read the following passage carefully and answer questions 53 to 58.**

Story telling is not in our genes. Neither it is an evolutionary history. It is the essence of what makes us Human.

Human beings progress by telling stories. One event can result in a great variety of stories being told about it. Sometimes those stories differ greatly. Which stories are picked up and repeated and which ones are dropped and forgotten often determines how we progress. Our history, knowledge and understanding are all the collections of the few stories that survive. This includes the stories that we tell each other about the future. And how the future will turn out depends partly, possibly largely, on which stories we collectively choose to believe.

Some stories are designed to spread fear and concern. This is because some story-tellers feel that there is a need to raise some tensions. Some stories are frightening, they are like totemic warnings : "Fail to act now and we are all doomed." Then there are stories that indicate that all will be fine so long as we leave everything upto a few especially able adults. Currently, this trend is being led by those who call themselves "rational optimists". They tend to claim that it is human nature to compete and to succeed and also to profit at the expense of others. The rational optimists however, do not realize how humanity has progressed overtime through amiable social networks and how large groups work in less selfishness and in the process accommodate rich and poor, high and low alike. This aspect in story-telling is considered by the 'Practical Possibles', who sit between those who say all is fine and cheerful and be individualistic in your approach to a successful future, and those who ordain pessimism and fear that we are doomed.

What the future holds for us is which stories we hold on to and how we act on them.

**Answer the following questions :**

**53.** Our knowledge is a collection of :

(1) some stories that we remember

(2) a few stories that survive

(3) some important stories

(4) all stories that we have heard during our life-time

**54.** How the future will turn out to be, depends upon the stories ?

(1) Which are repeatedly narrated

(2) Designed to spread fear and tension

(3) Designed to make prophecy

(4) We collectively choose to believe in



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**निम्नलिखित अनुच्छेद को सावधानीपूर्वक पढ़िए और 53 से 58 तक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

कथावाचन हमारे जीन में नहीं है। यह विकासमूलक इतिहास भी नहीं है। यह वह तत्व है जो हमें मानव बनाता है।

मानव कथा वाचन के माध्यम से प्रगति करता है। किसी विशेष घटना का परिणाम कथा के कई विविध रूपों में सामने आता है, जिसके बारे में लोग कहते हैं। कभी-कभी उन कहानियों में भारी अंतर होता है। किस कहानी का वाचन हो रहा है और उसे दोहराया जा रहा है तथा किस कथा को छोड़ दिया गया और भुला दिया जाता है जिससे बहुधा यह निर्धारित होता है कि हमने कैसे प्रगति की। हमारा इतिहास, ज्ञान और समझ - ये सभी कुछ कहानियों के संग्रह हैं जो जीवित रहते हैं। इसमें वे कहानियाँ भी शामिल हैं जो हम भविष्य के बारे में एक-दूसरे को कहते हैं। और भविष्य कैसा होगा यह आंशिक अथवा संभवत: व्यापक रूप से उन कहानियों के चयन पर निर्भर करता है जिन पर हमारा सामूहिक रूप से विश्वास होता है।

कुछ कहानियाँ तो डर और चिंता फैलाने के लिए गढ़ी जाती हैं। ऐसा इसलिए कि कुछ कथा वाचक ऐसा महसूस करते हैं कि कुछ तनाव पैदा करने की ज़रूरत है। कुछ डरावनी कहानियाँ होती हैं, वे टोटमी चेतावनी जैसी होती हैं : ''अभी कुछ नहीं किए तो हम सबका सर्वनाश हो जाएगा।'' इसके बाद कुछ ऐसी कहानियाँ होती हैं जो इस बात की ओर संकेत करती हैं कि सब कुछ अच्छा होगा यदि हम सब कुछ विशेष रूप से चन्द सक्षम वयस्कों के भरोसे छोड़ देंगे। इस समय यह प्रवृत्ति उन लोगों द्वारा आगे बढ़ाई जा रही है जो अपने आपको ''विवेकी आशावादी'' कहते हैं। वे यह दावा करते हैं कि प्रतिस्पर्धा करना, सफल होना और दूसरों की कीमत पर लाभ लेना ही मानव स्वभाव है। हालांकि विवेकी आशावादी यह अनुभव नहीं करते कि भद्र सामाजिक ताने-बाने के माध्यम से मानवता ने समय के साथ कैसे प्रगति की है और कैसे बड़े समाज का समूह न्यूनतम स्वार्थ से कार्य करता है तथा प्रक्रिया में धनी और निर्धन एवं ऊँच-नीच को समान रूप से कैसे समायोजित करता है। कथा-वाचन के इस पहलू पर ''व्यावहारिक सम्भाव्यों'' द्वारा विचार किया जाता है, जो उन लोगों के मध्य का मार्ग अपनाते हैं जो यह कहते हैं कि सब ठीक-ठाक है, खुश रहो और सुखद भविष्य के लिए अपने व्यवहार में व्यक्तिवादी बनो और वे लोग जो निराशावाद और भय का दामन थामते हैं, वे यह मानते हैं कि हम सबका सर्वनाश हो जाएगा।

हमारा भविष्य यह है कि हम किस कहानी को आगे बढ़ाते हैं और हम उस पर किस तरह से कार्य करते हैं।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**53.** हमारा ज्ञान निम्न में से किसका समूह है ?

(1) कुछ ऐसी कहानियाँ जिन्हें हम याद करते हैं।

(2) कुछ कहानियाँ जो जीवित रहती हैं।

(3) कुछ महत्वपूर्ण कहानियाँ।

(4) वे सभी कहानियाँ जिन्हें हमने अपने जीवन काल में सुना है।

**54.** कहानियों के आधार पर हमारा भविष्य कैसा होगा ?

(1) जो बार-बार कही जाती हैं।

(2) भय और तनाव फैलाने के लिए विरूपित की जाती हैं।

(3) भविष्य बताने के लिए विरूपित की जाती हैं।

(4) हम सामूहिक रूप से विश्वास का चयन करते हैं।



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**55.** Humans become less selfish when :

(1) they listen to frightening stories
(2) they listen to cheerful stories
(3) they work in solitude
(4) they work in large groups

**56.** 'Practical Possibles' are the ones who :

(1) are doom-mongers
(2) are self-centred
(3) are cheerful and carefree
(4) follow Midway Path

**57.** Story telling is :

(1) a science
(2) in our genes
(3) the essence of what makes us human
(4) an art

**58.** Rational optimists :

(a) Look for opportunities.
(b) Are sensible and cheerful.
(c) Are selfishly driven.

Identify the correct answer from the codes given below :

(1) (a) only
(2) (a) and (b) only
(3) (b) and (c) only
(4) (a), (b) and (c)

**59.** Effectiveness of communication can be traced from which of the following ?

(a) Attitude surveys
(b) Performance records
(c) Students attendance
(d) Selection of communication channel

Select the correct answer from the codes given below :

(1) (a), (b) and (c)
(2) (b), (c) and (d)
(3) (a), (b) and (d)
(4) (a), (b), (c) and (d)

**60.** Inductive reasoning is grounded on :

(1) Unity of nature
(2) Uniformity of nature
(3) Harmony of nature
(4) Integrity of nature

- o 0 o -



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**55.** मानव कम स्वार्थी होते हैं जब :

(1) वे डरावनी कहानियाँ सुनते हैं।
(2) वे आनंददायी कहानियाँ सुनते हैं।
(3) वे अकेले काम करते हैं।
(4) वे बड़े समूह में कार्य करते हैं।

**56.** 'क्रियात्मक संभाव्य' वे हैं जो :

(1) विनाश का हौवा खड़ा करने वाले होते हैं।
(2) आत्म-केन्द्रित होते हैं।
(3) प्रसन्न और बेपरवाह होते हैं।
(4) मध्यमार्ग पर चलते हैं।

**57.** कथा वाचन निम्न में से क्या है?

(1) एक विज्ञान
(2) हमारे जीन में है
(3) एक तत्व जो हमें मानव बनाता है
(4) एक कला

**58.** विवेकी आशावादी :

(a) अवसरों की ताक में रहते हैं।
(b) संवेदनशील और प्रसन्न रहते हैं।
(c) स्वार्थी होते हैं।

नीचे दिए कूटों से सही उत्तर दीजिए :

(1) केवल (a)
(2) केवल (a) और (b)
(3) केवल (b) और (c)
(4) (a), (b) और (c)

**59.** निम्नलिखित में से किससे सम्प्रेषण की प्रभावशीलता का पता लगाया जा सकता है?

(a) अभिवृत्ति सर्वेक्षण
(b) कार्य निष्पादन रिकॉर्ड
(c) विद्यार्थियों की उपस्थिति
(d) सम्प्रेषण माध्यम का चयन

नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b) और (c)
(2) (b), (c) और (d)
(3) (a), (b) और (d)
(4) (a), (b), (c) और (d)

**60.** आगमनात्मक तर्क निम्नांकित में से किस पर आधारित है?

(1) प्रकृति की एकता
(2) प्रकृति की समरूपता
(3) प्रकृति की समरसता
(4) प्रकृति की अखण्डता

- o 0 o -



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**Space For Rough Work**



www.a2zSubjects.com